# पी.बी.एम. अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर अधीक्षक का किया घेराव

**बीकानेर,**(कासं)। संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की वजह से आमजन को आये दिन बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में पीबीएम अस्पताल अधीक्षक पी. के. सैनी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आये परिजनों से मिली जानकारी तथा समय-समय पर जागरूक व्यक्तियों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जिला कांग्रेस कमेटी के देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में घेराव कर ज्ञापन सौंपा। जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि घेराव करने के दौरान पुलिस के साथ झड़प व धक्का मुक्की हुई। अधीक्षक के कक्ष में पहुंचे कांग्रेस नेताओं द्वारा नारे लगाये गए।

जिला कांग्रेस कमेटी के देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अव्यवस्थाओं को लेकर पीबीएम अस्पताल अधीक्षक पी. के. सैनी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

- अस्पताल में बिगड़ी सफाई व्यवस्था, बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाने, चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग
- घेराव करने के दौरान कांग्रेसजनों की पुलिस के साथ झड़प व धक्का मुक्की हुई

मार्शल ने बताया कि देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने वार्ता के दौरान अस्पताल परिसर में बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था, बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाने, चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, समय पर मरीजों की जांच, जनआधार की विसंगतियों व अनिवार्यता समाप्त करने, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, वाहनों की चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को रोकने, संविदा कर्मियों और सुरक्षा कर्मचारियों की संविदा शर्तों के अनुसार पर्याप्त संख्या की जांच व उनके शोषण को रोकने इत्यादि संबंधित मांग पत्र अधीक्षक को सौंपा।

इस अवसर पर अधीक्षक से वार्ता में उल्लेखित समस्याओं के साथ-साथ आपातकालीन चिकित्सा, ट्रोमा सेंटर एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों में मरीजों को समय सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करने की मांग की। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा आमजन हित में जारी सभी चिकित्सा सुविधा तथा संबंधित योजनाओं को जारी रखने की मांग की तथा उम्मीद जताई कि पीबीएम अस्पताल की छवि को समग्र रूप से सुधारा जायेगा।

मार्शल ने बताया कि इस अवसर पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल कूंकणा, प्रवक्ता पूनमचन्द भाम्भू व श्रीकृष्ण गोदारा पूर्व चेयरमैन हाजी मकसूद अहमद, अरविंद मिड्डा, हरीराम बाना, सुषमा बारूपाल, डॉ. तनवीर मालावत, राजपाल कुल्हरी, भागीरथ गोदारा, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, नीरू चौधरी, निरमा मेघवाल, दिलीप कुमार, ओमप्रकाश मेघवाल, अर्जुनराम कूंकणा, धर्मचंद चौधरी, गुमानाराम जाखड़, सरदार अमरीक सिंह, शिवराज गोदारा, केदारमल कठातला, फिरोज भाटी, मूलाराम मेघवाल, किशन , बिरजाराम भील, खेराज चौधरी, हेमंत सिंह यादव, ओमप्रकाश सियाग, शंकर लाल कूंकणा, तोलाराम सियाग, मनोज किराडू, जगदीश सारण, कमल किशोर, रिछ्पाल सीगड, भीखाराम मेघवाल, एडवोकेट प्रेमरतन गोदारा, संजय गोयल, हरीश गोदारा, पन्नाराम नायक, मनीष डूडी, भागीरथ गोदारा, कैलाश भादू, ओमप्रकाश डूडी, धनराज मुंड, सीताराम, प्रताप सिंह कालेर, एडवोकेट मनोज नायक, रमेश कौशिक, सद्दाम खान, जयदयाल भाटी, दिनेश नाई, जितेंद्र यादव, पूनम चौधरी, बाबूलाल गोदारा, किशन स्वामी, राजेश गोदारा गिरधारी लाल कूंकणा, मनोज मुंड, रेवतराम तर्ड, केदारनाथ रोड़ा, मनोहर चांवरिया, हडमान कुमार, नारायण रोड़ा, राहुल जादू संगत आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## शौचालय में मिली नवजात बच्ची

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पिछले दिनों जंक्शन के आधुनिक सुलभ शौचालय में मिली नवजात बच्ची को बाल कल्याण समिति ने सोमवार को अपने संरक्षण में ले लिया।

नवजात बच्ची टाउन के राजकीय जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती थी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर बच्ची को विधिवत समिति के संरक्षण में लेने की कार्रवाई की। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने बताया कि इस बच्ची का नाम सृष्टि रखा गया है। अब इस बालिका को गोद देने की प्रक्रिया की जायेगी। 60 दिन बाद लीगल फ्री कर बच्ची को एडॉप्शन में डाला जायेगा।

बच्चा गोद लेने के इच्छुक वेटिंग वाले परिवारों की सूची सीडब्लयूसी के पास आयेगी। इसके बाद जिला कलेक्टर, बाल अधिकारिता विभाग के उप निदेशक व बाल कल्याण समिति की ओर से स्टडी कर फिट फैमिली को बच्ची गोद देने की विधिवत कार्रवाई की जायेगी। सीडब्लयूसी का प्रयास है कि इस तरह के बच्चों का ऐसा उज्जवल भविष्य हो ताकि यह बच्चे जिस में परिवार में जाएं वहां इनका लालन-पालन बेहतर तरीके से हो। गोयल ने बताया कि सीडब्लयूसी के पास तीन आया हैं। हर छह घंटे बाद आया की ओर से बच्ची की देखभाल की जायेगी। गोयल ने अपील की कि अनचाहे बच्चे को फेंके नहीं। उसे समिति को दें या पालना गृह में छोड़ें। किसी तरह की कोई पूछताछ नहीं होगी।

## सार-समाचार

### कप विजेता गर्ल्स टीम का सम्मान

राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट कप विजेता बीकानेर बादनू गर्ल्स टीम का सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान रॉयल्स कप क्रिकेट इंटर स्कूल अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट में विजेता बीकानेर बादनू टीम के नगर आगमन पर जिला क्रिकेट संघ ने सभी मेधावी खिलाड़ी छात्राओं का सम्मान किया। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि सादुल क्लब मैदान में सम्मान समारोह में कप विजेता टीम की सभी क्रिकेट खिलाड़ी व टीम के कोच-मैनेजर को स्मृति चिन्ह, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतनसिंह, उपाध्यक्ष अफरोज खान, संयुक्त सचिव प्रवेश भारद्वाज, अनिल सिडाना, शंकर सेवग व पुखराज ने बीकानेर बादनू की इन मेधावी क्रिकेट खिलाड़ी छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इन सभी का बहुमान किया। सचिव रतनसिंह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की उभरती गर्ल्स क्रिकेट प्रतिभाओं ने अपनी कड़ी मेहनत व बेहतर खेल प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स कप में खिताबी जीत दर्ज़ कर अपने शहर व गांव का नाम रोशन किया जिसके लिए ये सभी बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिला क्रिकेट संघ सदैव प्रतिभावान खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी रहेगा। खिताब विजेता टीम के कोच राकेश कुमार ने बताया कि बीकानेर टीम में शामिल 14 गर्ल्स क्रिकेटर एक ही स्कूल महात्मा गांधी राजकीय स्कूल बादनू में अध्ययनरत हैं। सम्मान समारोह में टीम की कप्तान निशा हटीला, कंचन, मनीषा, सरिता, केलम, संगीता, प्रियंका, देवकी, रचना, अनुराधा, आईना, भावना, गायत्री, आरती के साथ सांवरमल डेलू, विकास कुमार, राकेश कुमार कोच-मैनेजर का बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशा ओझा ने किया।

### भाजपा संगठन की जानकारी दी

भाजपा जस्सूसर मंडल की संगठन पर्व कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष शशि शर्मा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जस्सूसर मंडल की संगठन पर्व कार्यशाला मंडल अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा की अध्यक्षता में ओझा सारस्वत भवन में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष शशि शर्मा के मार्गदर्शन और संगठन पर्व के मंडल प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ सत्यप्रकाश आचार्य के वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुई। एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा ने संगठन पर्व की जानकारी देते हुए बताया कि जस्सूसर मंडल में सक्रियता अभियान में दिया गया टारगेट पूरा किया है। इसके लिए समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई है और वर्तमान में सक्रिय सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं ने पार्टी के द्वारा दिया गया कोरम पूरा किया गया। वह सभी सक्रिय सदस्य बने हैं। संगठन पर्व के मंडल प्रभारी डॉ सत्यप्रकाश आचार्य ने वर्चुअल माध्यम से संगठन पर्व की संगठानात्मक की जानकारी दी। मंचासीन राजकुमार पारीक, अशोक सारस्वत, इन्द्रचंद ओझा ने संगठन पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण बिहाणी, दाऊजी गहलोत, लक्ष्मी नारायण व्यास, सुषमा बिस्सा, बलदेव स्वामी, संतोष शर्मा, भंवर लाल स्वामी, भिंयाराम जोशी, भगवती स्वामी, रामचंद्र बेनीवाल, दिनेश सिंह चौहान, प्रभुदयाल चौधरी, जस्सूसर मंडल के पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, सभी मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### पेंशनर्स का सत्यापन 31 दिसम्बर तक

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में भौतिक सत्यापन से वंचित समस्त पेंशनर्स को 31 दिसम्बर से पूर्व अनिवार्य रूप से सत्यापन करवाना होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ अरविंद आचार्य ने बताया कि जिले में कुल 2 लाख 60 हजार 799 पेंशनर्स है, जिनमें से अब तक 57 हजार 218 पात्र पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन करवाया गया है। सुरक्षा पेंशन नियमो के अनुसार समस्त पात्र पेंशनर्स को प्रत्येक वर्ष नवम्बर एवं दिसम्बर मे वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है। भौतिक सत्यापन के आधार पर ही पात्र पेंशनर्स को पेंशन का लाभ सतत रूप से मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि पेंशनधारक ई-मित्र कियोस्क, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर फिंगर प्रिंट इम्प्रेसन के माध्यम से भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। बायो मैट्रिक्स से वंचित रहे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन आईरिस स्कैन से भी करवाया जा सकता है। आचार्य ने बताया कि किसी पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में यदि पेंशनर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विकास अधिकारी/ उपखण्ड अधिकारी) के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होता है, तो पेंशन स्वीकृतकत्ह्रा अधिकारी पोर्टल पर लॉगइन कर संबंधित पेंशनर का पीपीओ नंबर दर्ज करने पर उस पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन कर सकते हैं। यदि इस अवधि में (प्रतिवर्ष माह नवम्बर दिसम्बर में) किसी पेंशनर द्वारा जन आधार से जुड़ी किसी अन्य सरकारी योजना जैसे राशन, चिकित्सा बीमा लाभ बायोमैट्रिक के माध्यम से लिया गया है तो ऐसे पेंशनर को अलग से से भौतिक सत्यापन करवाने की आवश्यकता नहीं है।

# अब घरों पर लगने वाली चिप से पता चलेगा कचरा उठा या नहीं

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम अब घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुधारने के लिए तकनीक का सहारा लेगा। इसके लिए शहर के दो से सवा दो लाख घरों के दरवाजे के पास आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) तकनीक के टैग लगाये जायेंगे।

- घरों पर लगेगी आर.एफ.आई.डी. चिप, सेंसर बताएगा कितना कचरा उठा या नहीं

वार्ड 12 में ये चिप लगाई जाने लगी हैं। इस सेक्टर को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया है। अगर सफल रहा तो शहर के प्रत्येक घर पर ये चिप लगाई जायेगी। बीकानेर में व्यास कॉलोनी के सेक्टर पांच में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। इसके जरिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे वाहनों के रूट सहित पूरी मॉनिटरिंग हो सकेगी।

बीकानेर शहर में 80 वार्ड हैं। बावजूद इसके प्रत्येक घर से कचरा अभी भी नहीं उठ रहा है। अब घरों पर लगने वाली चिप से पता चलेगा होगा कि प्रत्येक घर का कचरा उठा या नहीं। इस तकनीकी के माध्यम से निगम की कई समस्याओं का समाधान हो जायेगा। इसमें वाहन वेस्ट कलेक्शन के लिए गया है या नहीं गया तो कौन से एरिया, मोहल्ला या गली में पहुंचा महीने में कितने दिन नहीं जाता है इसका पता चलेगा।

नई तकनीकी से निगम को केवल मॉनिटरिंग करनी होगी। इससे न केवल निगम की डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन की व्यवस्था सुधरेगी बल्कि आमजन को भी राहत मिलेगी। उन्हें बार-बार फोन करके वाहन बुलाने की जरूरत नहीं होगी। निगम चयनित वार्डों में गली के मुहाने और अंतिम छोर पर आरएफआईडी तकनीक लगायेगा जो सेंसर युक्त प्रणाली है। यह चयनित वार्डों के 10 से 15 प्रतिशत मकानों पर लगेंगे। वाहन आते ही सेंसर उसे डिटेक्ट करेगा। वह सूचना निगम कार्यालय तक पहुंच जायेगी।

आरएफआईडी एक तरह की चिप है। जो प्रत्येक घर के बाहर लगाई जायेगी। इस चिप का नियंत्रण कमांड कंट्रोल रूम से होगा।

मकान, दुकान, स्कूल, कॉलेज या किसी प्रतिष्ठान पर ये लगेगी। सुबह जब टिपर कचरा कलेक्शन करने जाएंगे तो उस घर पर लगी चिप कमांड कंट्रोल में हरा रंग शो करेगी। कचरा उठाने के बाद टिपर का कर्मचारी अपने पास रखी मशीन से घर के सामने लगी चिप को स्कैन करेगा।

मयंक मनीष, आयुक्त, नगर निगम बीकानेर का कहना है कि अभी पॉयलट प्रोजेक्ट लिया है। वार्ड 12 को इसमें जोड़ा है। इस वार्ड के प्रत्येक घरों में आरएफआईडी चिप लगाई जा रही है। प्रयोग सफल रहा तो पूरे शहर में ये प्रोजेक्ट लागू किया जायेगा। टिपर ठेकेदार की शर्तों में ये शामिल था और वही ये काम कर रहा है। कमांड कंट्रोल रूम से सारी चीजें नियंत्रित होंगी।

## डिग्गी में गिरने से किसान की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के छतरगढ़ में डिग्गी में गिरने से किसान की मौत हो गई। किसान खेत में पानी दे रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव निकालकर मोर्चरी में लेकर गए।

छतरगढ़ पुलिस के अनुसार- किसान करणी सिंह राजपूत अपने खेत में पानी दे रहा था। इस दौरान डिग्गी के पास उसका पैर फिसल गया। वह सीधे डिग्गी में जा गिरा और पानी में डूबने से मौत हो गई। उसके भाई श्रवण सिंह ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। बीकानेर के छतरगढ़, खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़, लूणकरनसर सहित अधिकांश क्षेत्रों में डिग्गी में डूबने से बड़ी संख्या में मौत होती है।

इसका कारण होता है कि डिग्गी में प्लास्टिक बिछा होता है, जिससे वापस बाहर निकलने में परेशानी होती है। करीब सात से आठ फीट गहरी डिग्गी में बाहर निकलना आसान नहीं होता। इसी कारण डिग्गी में गिरने के बाद मौत हो जाती है। कई बार तो एक को बचाने के चक्कर में दूसरा भी डूब जाता है। इस तरह के हादसे अधिकतर होते रहते हैं।

# 9.5 किलो डोडा-पोस्त सहित तीन गिरफ्तार

**बीकानेर,**(कासं)। नशे के खिलाफ पुलिस की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर गश्त बढ़ाने के साथ ही रात में निकलने वालों की जांच तेज कर दी है। लगातार दो-तीन दिन से खाजूवाला और छतरगढ़ में नशा पकड़ा गया। अब महाजन थाना क्षेत्र में भी नशे के सामान के साथ युवकों को गिरफ्तार किया।

- भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर नशे की तस्करी बढ़ी
- महाजन थाना पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन को गिरफ्तार किया

पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि महाजन पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के चलते 9.5 किलो डोडा पोस्त डंठल बरामद किया गया है। मामले में गुरमेल सिंह मजबी (70) निवासी जिला मुक्तसर साहेब (पंजाब), गुरजीत कौर मजबी (48) निवासी मोरजण्ड सिखान पुलिस थाना संगरिया जिला हनुमानगढ़ हाल मुक्तसर साहेब, पंजाब और कुलविंद्र कौर (27) निवासी मसीतां पुलिस थाना डबावाली सिटी को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सांदु आरपीएस के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। महाजन थाने के सामने नाकाबंदी की गई। इस दौरान नाकाबंदी कर आरोपियों के कब्जे से 09.5 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किए गए। नशा किस जगह से लाया गया और किस जगह सप्लाई होना था। इस बारे में पता लगाया जा रहा है। जांच सब इंस्पेक्टर धर्मवीर को सौंपी गई है।

कार्रवाई में महाजन थानाधिकारी कश्यप सिंह, कांस्टेबल हरिसिंह, नेतराम, गोविन्द सिंह, राजाराम कानि राजेश की विशेष भूमिका रही।

# धारदार कांपा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की रावतसर थाना पुलिस ने लोहे का धारदार कांपा लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। युवक किसी वारदात की फिराक में था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

- रावतसर कस्बे में गश्त के दौरान पुलिस ने कांपा सहित दबोचा

रावतसर थानाधिकारी रामचंद्र कस्वा के अनुसार रावतसर पुलिस थाना के एएसआई सोहनलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने रावतसर कस्बे में गश्त करते हुए 22 एजी रोड पर श्मशान भूमि के पास पहुंची तो एक युवक हाथ में पकड़ा लोहे का धारदार कांपा हवा में लहराता हुआ मिला।

पुलिस पार्टी को देखकर उक्त युवक कापा लेकर खेत की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर युवक को दबोच लिया। युवक की पहचान आयूब (35) पुत्र यासीन हाफिज निवासी लखूवाली पीएस हनुमानगढ़ टाउन के रूप में हुई। पुलिस ने कापा बरामद कर मौके से आयूब को गिरफ्तार कर लिया।

उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई राजकुमार के सुपुर्द किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई सोहनलाल, कांस्टेबल दीवान सिंह व मुकेश शामिल थे।

## कलेक्टर की जनसुनवाई 21 को

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में 21 नवम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

# खेत पर जा रहे युवक को बंधक बनाकर की मारपीट

**हनुमानगढ़,** (कासं)। गोलूवाला थाना इलाके में खेत जा रहे युवक को उठाकर ढाणी में ले जाकर बंधक बनाने, मारपीट करने, रूपए और सोने का लॉकेट छीनने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इन लोगों के चंगुल से छुड़वाया। गोलूवाला पुलिस थाना में 6 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है।

- जान से मारने की नियत से गला दबाया व जबड़ा फाड़ दिया
- सोने का लॉकेट तोड़ा, पुलिस ने आकर उसे छुड़वाया

हैड कांस्टेबल श्रीभगवान ने बताया कि बलवंत पुत्र मोहनलाल बिश्नोई निवासी लिखमीसर तहसील पीलीबंगा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 5 बीघा जमीन चक 5 एलकेएस बी में है। इसमें से 3 बीघा जमीन पृथ्वीराज उर्फ सुभाष पुत्र सर्दुलाराम और 2 बीघा बृजलाल पुत्र सर्दुलाराम के नाम से उसके पास कब्जाशुदा है। यह 3 बीघा जमीन उसने ठेके पर ले रखी है। 15 नवम्बर दोपहर साढ़े 12 बजे वह अपने खेत में हल जोतने गया। जैसे ही खेत के पास पहुंचा तो प्रदीप पुत्र हनुमान, इन्द्रपाल पुत्र बृजलाल निवासी भोपालपुरा, मोहन लाल पुत्र बृजलाल, राकेश पुत्र हनुमान, बंसीलाल पुत्र शंकरलाल, कपिल कुमार पुत्र शंकरलाल बिश्नोई निवासी लिखमीसर वहां पर आए। उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे।

उसे उठाकर पास ही स्थित कपिल बिश्नोई की ढाणी में ले गए। वहां पर पहले से मौजूद घर की महिलाओं ने भी उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की नियत से गला दबाया और जबड़ा फाड़ दिया। आरोपियों ने जेब से 500 रूपए और गले में पहना सोने का लॉकेट निकाल लिया। उसे पुलिस ने आकर छुड़वाया। अगर मौके पर पुलिस नहीं पहुंच पाती तो यह लोग उसे जान से मार देते।

# 17 साल में खिलाड़ियों की 'डाइट मनी' में बढ़ोतरी नहीं होने पर मोर्चा खोला

**बीकानेर,**(कासं)। प्रदेश के एकमात्र आवासीय खेल विद्यालय सादुल स्पोर्ट्स स्कूल की व्यवस्थाओं में जारी अव्यवस्था और शिक्षा विभाग की लापरवाही के खिलाफ पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों ने मोर्चा खोलते हुए 6 सूत्री मांगों का निस्तारण नहीं होने पर भूख हड़ताल शुरू की।

बीकानेर में सादुल स्पोर्ट्स स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर क्रीड़ा भारती के बैनर तले शुरू हुए इस आन्दोलन में दो उपाध्यक्ष दानवीर सिंह भाटी व भैरूरतन ओझा भूख हड़ताल पर बैठे।

- सादुल स्पोर्ट्स स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व तथा वर्तमान खिलाड़ी

क्रीड़ा भारती के बैनर तले शुरू हुए इस आन्दोलन में दो उपाध्यक्ष दानवीर सिंह भाटी व भैरूरतन ओझा भूख हड़ताल पर बैठे। अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि यह कदम शिक्षा विभाग की आंखें खोलने और खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाया गया है। अब लड़ाई आर पार की होगी। हमारी लड़ाई शिक्षा विभाग की उदासीनता के खिलाफ है। हम पिछले 5 साल से सरकार व विभाग से गुहार लगा रहे हैं। किन्तु स्पोर्ट्स स्कूल की अव्यवस्थाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आन्दोलनकारियों का आरोप है कि सादुल स्पोर्ट्स स्कूल राजस्थान के खेल प्रतिभाओं का केन्द्र माना जाता है। आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

17 सालों से खिलाड़ियों की डाइट मनी में एक रूपये की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। महज 100 रूपये की डाइट मनी में क्या एक खिलाड़ी की जरूरतें पूरी हो सकती है। यह भूख हड़ताल केवल एक आंदोलन नहीं बल्कि खिलाड़ियों के हक की लड़ाई है। धरना व भूख हड़ताल में करण प्रताप सिंह सिसोदिया, महेन्द्र व्यास, नरेन्द्र सिंह स्याणी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व पूर्व खिलाड़ी शामिल रहे। मांगों में बच्चों की डाइट मनी 100 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति खिलाड़ी करना, प्रशिक्षक और सहायक प्रशिक्षकों के खाली पदों पर एनआईएस डिप्लोमाधारी प्रशिक्षकों की नियुक्ति करना शामिल है।

## कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोहरे ने सोमवार को ट्रेन की रफ्तार रोक दी। दिल्ली सराय रोहिल्ला से रवाना होकर श्रीगंगानगर होते हुए बीकानेर जाने वाली दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर ट्रेन सोमवार को दो घंटे देरी से 10.07 मिनट पर श्रीगंगानगर से रवाना हुई।

इस ट्रेन की श्रीगंगानगर से रवानगी का समय सुबह सात बजकर पचास मिनट है। वहीं सोमवार को यह ट्रेन श्रीगंगानगर से सुबह दस बजकर सात मिनट पर निकली। पंजाब में कोहरे के चलते पंजाब से श्रीगंगानगर रूट पर रेल सेवाओं पर असर पड़ा है। ट्रेन देर रात से ही लेट थी। पंजाब इलाके में विजिबिलिटी कम होने के कारण यहां ट्रेन की रफ्तार धीमी रही। इसका असर श्रीगंगानगर से बीकानेर रूट पर पड़ा। रेलवे के अधिकारियों ने ट्रेन के देरी से पहुंचने की पुष्टि करते हुए कहा कि ट्रेन पंजाब में कोहरे के कारण काफी धीमी रफ्तार से चली। इससे इसे दो घंटे की देरी हो गई। इस ट्रेन में सफर कर रही शिक्षिका मनीषा का कहना था कि उसे कोचिंग इंस्टीट्यूट पहुंचने में देरी हुई।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ दिनांक :

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री विकास सिंगल पुत्र श्री नन्द लाल सिंगल निवासी म.न. 14, गली नं. 1, वार्ड नं. 29, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 09 किला नं. 2, 3 में माप 10 इन्दू 50 फीट, भूखण्ड संख्या बी.के.-116-बी, बसंत कुंज, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा संख्या 20357 दिनांक 09.06.2023 को श्री भादरचन्द सोनी पुत्र श्री गणपत राम सोनी के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री विकास सिंगल द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 01.05.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामानरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री विकास सिंगल पुत्र श्री नन्द लाल सिंगल निवासी म.न. 14, गली नं. 1, वार्ड नं. 29, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/931 - सचिव, नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर



**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ दिनांक :

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रवि कुमार गुप्ता पुत्र श्री गिरधारी लाल गुप्ता निवासी म.न. 25 सी ब्लॉक, वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 09 किला नं. 2, 3 में माप 10 इन्दू 50 फीट, भूखण्ड संख्या बी.के.-116-ए, बसंत कुंज, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा संख्या 20357 दिनांक 09.06.2023 को श्री भादरचन्द सोनी पुत्र श्री गणपत राम सोनी के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री रवि कुमार गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 01.05.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामानरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री रवि कुमार गुप्ता पुत्र श्री गिरधारी लाल गुप्ता निवासी म.न. 25 सी ब्लॉक, वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्